सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ किया, सवामणी के लगे भोग

पाली शहर के मंदिरों में अंजनीपुत्र वीर हनुमान की जयंती मनाई। फोटो-राष्ट्रदूत

जोधपुर, (कासं) । शहर में आज हनुमान जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाई गई। शहर के बालाजी मंदिरों में भक्तों का रैला उमड़ पड़ा। अल सुबह से ही बालाजी के मंदिरों में भक्तों पहुंचने शुरू हो गए। राम हनुमान मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान के रूप में सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा, रात्रि भजन संध्या और सवामणी तथा प्रसादी का आयोजन किया गया।

जोधपुर शहर के पाल बालाजी मंदिर, पंचमुखी बालाजी मंदिर, रौटरी चौराहे बालाजी मंदिर, प्रत्याश बालाजी मंदिर, शुगालेश्वर बालाजी मंदिर, जूना खेडापति बालाजी मंदिर, शेखावती जी का तालाब बालाजी मंदिर, हेमु कालानी चौराहे पर स्थित बालाजी मंदिर, प्रताप नगर स्थित हनुमान शनिधाम मन्दिर सहित अन्य मंदिरों में भक्तों की भीड़ दिन भर बनी रही। मंदिरों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। इसके अलावा फूल मंडली सजाई गई है।

शाम को मंदिरों में भव्य संध्याओं का आयोजन भी किया गया।साथ ही संगीतमय सुंदरकांड पाठ की सरिता भी प्रवाहित रही।

पुलिस हर मंदिर पर रखी पैनी नजर

सुरक्षा की दृष्टि से मंदिरों के बाहर पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। यातायात व्यवस्था संभालने के लिए यातायात पुलिस भी सहयोग कर रही है। मंदिरों में भीड़ को देखते हुए मंदिरों के अंदर भी सुरक्षा गार्ड की तैनाती रखी गई है।

जैसलमेर में मनाया हनुमान जन्मोत्सव

जैसलमेर, (नि.सं.)। जैसलमेर शहर के पुराने बिजलीघर परिसर में स्थित श्री गजटेड हनुमान मंदिर में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर्व परंपरागत रुप से समारोह पूर्वक मनाया गया। जन्मोत्सव के अवसर पर गड़ीसर तालाब से शोभायात्रा की शुरुआत पुजारी किशनलाल शर्मा द्वारा हनुमान जन्मोत्सव समिति संयोजक ग्वालदास गोयदानी के तिलक लगा कर की शोभायात्रा गड़ीसर रोड, गुलास्तला रोड, आसनी रोड, गोपा चौक, जिन्दानी चौक, गोयदानी पाड़ा हट्टा, गांधी चौक और हनुमान चौराहा होते हुए गजटेड हनुमान मंदिर पहुंची।

सम्पूर्ण रास्ते में भक्त जनों द्वारा शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर ठंडाई पिला कर स्वागत किया गया।

जय श्रीराम जय हनुमान के जयकारों से पूरा शहर गुंजायमान हो गया

शोभायात्रा में मंगल कलश लिए बालायें, घोड़ो पर झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई, वाहनों में राम दरबार, हनुमान जी की झाँकियां सजे-धजे घोडे, ऊंट, विभिन्न देवी देवताओं की झांकियां, डीजे व बैंड की मधुर स्वर लहरियों के साथ मंगल कलश धारण किए बालिकाएं तथा जय श्री राम की ध्वजा हाथ में लिए बालक भक्तों का मन मोह रहे थे। शोभायात्रा में शिव तांडव की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। जन्मोत्सव पर मंदिर में पुरे दिन मंगल आयोजन हुए। जेठा पाड़ा के प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव उत्साह के माहौल में मनाया गया।

हनुमान जन्मोत्सव पर जेठा पाड़ा मंदिर परिसर की आकर्षक रोशनी से सजावट की गई। प्रात: 8 बजे हनुमान जी को पंचामृत स्नान करवाने के पश्चात् श्रंगार किया गया। शाम 6 बजे रोटे का भोग लगाया गया , शाम 8 बजे आरती की गई। रात्रि 9बजे से भव्य सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया।

जैसलमेर में हनुमान महोत्सव पर झांकी निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली में दर्शनार्थियों की भीड़ रही

पाली, (नि.सं.)। श्री राम के भक्त अंजनी पुत्र वीर हनुमान की जयंती मंगलवार को शहर समेत जिले भर में धूमधाम से मनाई गई।

इस अवसर पर मंदिरों में सजावट व दर्शनार्थियों की भीड़ रही। हनुमान भक्तों ने मंदिर में पहुंचे और नारियल धूप अगरबत्ती चढ़ा कर खुशी की कामना मांगी। इसी क्रम में आदर्श नगर रत्नेश्वर महादेव से हनुमान भक्त जुलूस निकालकर बजरंग बाग पहुंचे। भगवान बालाजी की आरती कर प्रसादी का आयोजन किया। इसी प्रकार सोमनाथ मंदिर स्थित हनुमान जी मंदिर में शाम 5 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन सोमनाथ सुंदरकांड पाठ समिति द्वारा किया गया। भैंरू घाट दादू दयाल हनुमान मंदिर, खोडिया बालाजी, चादर वाला बालाजी, आशीर्वाद बालाजी इच्छापूर्ति बालाजी, पंचमुखी बालाजी शाहिद हनुमान जी के मंदिरों में दर्शन के लिए भीड़ लगी रही।

पीपाजी महाराज के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली

जोधपुर में विजय चौक स्थित पीपाजी के मन्दिर से शोभायात्रा निकाली।

जोधपुर, (कासं)। संत शिरोमणि पीपाजी महाराज की 701वी जयंती आज जोधपुर में श्रृद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनायी गई। पीपा क्षित्रय समाज के लोगों में अपने आराध्य देव श्री पीपाजी महाराज के जन्मोत्सव को लेकर भारी उत्साह छाया रहा । सुबह से ही शहर के पीपा मन्दिरों पर भक्तों के पहुंचने का तांता लग गया था। लोगों ने अपने अपने घरों में आराध्य देव की पूजा अर्चना की बाद में शहर के सभी पीपा मन्दिरों पर हवन किया गया।

श्री समस्त पीपा क्षत्रिय न्याति ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश चावड़ा तथा सचिव नरेश सोलंकी ने अतिथियों का स्वागत किया। चावड़ा व सोलंकी ने बताया कि 701वीं पीपा जयन्ती 23 अप्रैल को पूरे देश में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाई जा रही है। जोधपुर में आज

सुबह शहर के सभी पीपाजी महाराज के मन्दिरों पर प्रात: पूजा अर्चना के साथ ही हवन किया गया। समाज के लोगों ने अपने अपने घरों में आराध्य देव की पूजा पाठ कर विश्व शांति की प्रार्थना की।

विजय चौक स्थित पीपाजी के मन्दिर से करीब 11बजे शोभायात्रा विजेन्द्र गोयल की देखरेख में रवाना हुई। शोभायात्रा रवानगी से पूर्व राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, सूरसागर विधायक देवेन्द्र जोशी, महापौर उत्तर कुन्ती देवड़ा, कांठोस प्रत्याशी करणसिंह उचियारड़ा, जेडीए के पूर्व चेयरमैन राजेन्द्र सोलंकी, उप महापौर अब्दुल करीम जानी विजय चौक पहुंचे तथा पीपा समाज के लोगों को पीपा जयन्ती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया। विध्यानगर व सूरसागर से आने वाली लघु शोभायात्राएं विजय चौक पहुंच कर मुख्य शोभायात्रा में शामिल हुई। शोभायात्रा में पचास से अधिक झांकियां शामिल थी, सबसे आगे घोड़ों का लवाजमा चल रहा था।। इनमें संत पीपा महाराज की जीवनी से संबंधित झांकी के साथ ही भारतीय सनातन संस्कृति से ओतप्रोत झांकियां लोगों का मन मोह रही थी। सूरसागर व विधानगर भवन से आने वाली झांकियां मुख्य शोभायात्रा में शामिल हुई। शोभायात्रा में 501 मातृशक्ति मंगल कलश चल रही थी। युवक संत पीपा जी के जैकारे लगाते हुए माहौल को गुंजायमान कर रहे थे। शोभायात्रा विजय चौक मंदिर से रवाना होकर अजय चौक, उम्मेद चौक, त्रिपोलिया बाजार, सोजती गेट, नई सडक़, मोहनपुरा पुलिया होते हुए रातानाडा स्थित न्याति भवन पहुंची। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। उम्मेदचौक में पार्षद राजेश कच्छावाहा के नेतृत्व में क्षेत्र के निवासियों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा विसर्जन के बाद रातानाडा स्थिति आर्य समाज के भवन में पीपा प्रसादी का आयोजन रखा गया। करीब दस हजार समाज बंधुओं ने सामूहिक प्रसादी में शिरकत की।

इसी प्रकार मसूरिया बाबा रामदेव मन्दिर के तत्वावधान में अनेक स्थानों पर पीपा जयन्ती समारोह पूर्वक मनाई जाएगी। अध्यक्ष नरेंद्र कुमार चौहान ने बताया कि मसूरिया,गुरां तालाब स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, दजियों का चौक स्थित राम बंगला, चांद पोल स्थित बाबा के मन्दिरों पर सुबह पूजा अर्चना, सुन्दर काण्ड पाठ सहित सामूहिक प्रसादी का आयोजन किया गया।आज पीपा क्षित्रय समाज के लोगों ने अपने अपने प्रतिष्ठान का अवकाश रखा। शोभायात्रा में न्याती अध्यक्ष प्रकाश चावड़ा, सचिव नरेश सोलंकी, पूर्व अध्यक्ष आशुलाल दहिया, पूर्व अध्यक्ष भंवरलाल दहिया, पार्षद भीमराज राखेचा, पार्षद कबूलाल दहिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश दहिया, नरेंद्र चौहान, मनोहर लाल गोयल, मोतीलाल राखेचा, राजेंद्र सोलंकी सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु शोभायात्रा में उपस्थित रहे।

सार-समाचार

बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठक हुई

जालोर, (कासं)। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी जबर सिंह देवड़ा की अध्यक्षता में सुपार्श्वनाथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामसीन परिसर में लोक सभा आम चुनाव 2024 के तहत गठित बूथ अवेयरनेस ग्रूप की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पीईईओ देवड़ा ने कहा कि बूथ अवेयरनेस ग्रुप का दायित्व है कि मतदान दिवस के अवसर पर मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की शत प्रतिशत उपस्थिथि सुनिश्चित करने का प्रयास करे। इस हेतु अपने बूथ के हर मतदाता से सम्पर्क कर मतदान हेतु प्रेरित करे उन्होंने कहा कि निवार्चन विभाग द्वारा जिले में मतदान जागरूता के लिए चलाए जा रहे स्वीप कार्य म के तहत आयोजित होने वाली गतिविधि में अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करें। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी ओमप्रकाश ने कहा कि प्रतेयक बूथ पर जुड़ी महिला सदस्य बूथ लेवल ऑफिसर से समन्वय स्थापित करते हुए शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करवाये । इस अवसर पर सविता चौधरी, हरीश चंद्र, चन्द्र प्रकाश, नेहा शर्मा,इंद्रा बाला, मोहन लाल डूंगर सिंह, रवीना मीणा, मुला राम मौर्य, बूथ लेवल ऑफिसर लक्ष्मण कुमार,प्रवीण कुमार,द्वारका प्रसाद, सुरता राम, हिम्मत कुमार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मेहरू निशा, मनीषा भट्ट, सिमरन, गुडिया देवी, आशा सहयोगिनी मंजू देवी,अंजू देवी,रेखा देवी, कौशल्या देवी,सविता देवा आदि मौजूद थे।

डेयरी कारोबारी से 8.61 लाख की ठगी

जोधपुर, (कासं) । डबल मुनाफे के झांसे में लेकर एक डेयरी कारोबारी से 8.61 लाख की ठगी कर ली गई। शातिरों ने अब अपना फोन बंद कर दिया। पीड़ित ने इंस्टाग्राम पर आए मैसेज से उनके झांसे में आया। अब इस बारे में सूरसागर थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दी गई है। ठगी का पता तब लगा जब उसे रूपयों की जरूरत महसूस हुई और रूपये वापस मांगे। सूरसागर पुलिस ने बताया कि मन्ना की बाडी निवासी हेमेन्द्र सिंह माली की तरफ से मामला दर्ज कराया गया है। इसमें बताया कि उसका दूध की डेयरी का कारोबार है। जिस पर उसने 14 मार्च से लेन देन शुरू किया और इसी समय अप्रैल माह में जब उसको रूपए की जरूरत पड़ी तो उसमें से रूपये निकालने की प्रक्रिया शुरू की तो रूपये उसके खाते में ट्रांसफर नहीं हुए। शातिरों ने रूपए ट्रांसफर कराने के नाम पर और रूपए ऐंठते गए और फिर फोन बंद कर डाला। उससे 8.61 लाख रूपए ऐंठ लिए।

प्रेमानन्द गिरी महाराज ने जायजा लिया

बालोतरा, (निसं)। बालोतरा में बन रहे प्रथम श्री खाटूश्याम जी एवं सालासर बालाजी मंदिर निर्माण स्थल पर श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमानन्द गिरी जी महाराज ने मंदिर निर्माण की सारी जानकारी लीं एवं सभी को हार्दिक शुभकामनायें देते हुए कहा की बालोतरा की पुण्य धरा पर बहुत ही सुन्दर खाटूश्याम जी एवं सालासर बालाजी मंदिर बन रहा है। बालोतरा वासियो के भरपूर सहयोग की भी खुशि व्यक्त की द्य मंदिर मे लग रहे सड़ेद मार्बल के कार्य को देख बहुत ही प्रसन्नता भी व्यक्त की। श्री खाटूश्याम के दीवाने सेवा समिति (रजि) बालोतरा द्वारा इस मंदिर का निर्माण किया जा रहा है।नागा बाबा धुणा से भरत गिरी जी महाराज ने तमाम साधुओं का स्वागत सत्कार किया। अध्यक्ष पृथ्वीराज एवं कोषाध्यक्ष गणपत ने मंदिर निर्माण की पूर्ण जानकारी देकर सभी साधुओं का आशीर्वाद लिया।

थम जाएगा आज चुनाव प्रचार

जालोर, (कासं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत 26 अप्रेल को होने वाले मतदान के 48 घंटे पूर्व आमसभा, जुलूस, रैली, वीडियोवैन व ध्वनिप्रसारण इत्यादि द्वारा किया जाने वाला प्रचार कार्य 24 अप्रेल, बुधवार को सायंकाल 6 बजे समाप्त हो जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्दशों के तहत 26 अप्रेल को होने वाले लोकसभा आम चुनाव-2024 के प्रचार-प्रसार कार्य यथा-आमसभा, रैली, जुलूस, विडियो वैन, एलइडी वॉल, ध्वनिप्रसारण यंत्रों इत्यादि के माध्यम से होने वाला प्रचार-प्रसार का कार्य मतदान के 48 घंटे पूर्व अर्थात् 24 अप्रेल को सायं 6 बजे के पश्चात् नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशों की अवहेलना पाये जाने पर निर्वाचन नियमों के तहत कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश

बाड़मेर, (नि.सं.)। उप शासन सचिव, सामान्य प्रशासन (ग्रुप-2) विभाग के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी घोषणा के तहत राजस्थान राज्य के लोकसभा आम चुनाव 2024 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। जिसके तहत जिले में 26 अप्रेल को मतदान होना है। जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन ने समस्त जिला बाड़मेर व बालोतरा में लोकसभा आम चुनाव 2024 के फलस्वरूप 26 अप्रेल, (शुक्रवार) को मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित की।

मतदान दलों की रवानगी सहित व्यवस्थाएं देखी

जालोर, (कासं)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक दीपक सोनी व व्यय पर्यवेक्षक पारस मणि त्रिपाठी ने मंगलवार को वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदान दलों की रवानगी एवं निर्वाचन संबंधित तैयारी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

पर्यवेक्षकों को जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ ने बताया कि मतदान दलों के अंतिम प्रशिक्षण की बैठक व्यवस्था, मतदान दलों की रवानगी, सामग्री वितरण, परिवहन, वाहनों की जीपीएस ट्रैंकिंग, शाखा वाइज टेबल व्यवस्था निर्धारण, लाईट, माईक, भोजन, ठहराव व शौचालय इत्यादि व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी दी।

पर्यवेक्षकों ने विधानसभावार बनाये गये काउंटरों पर ईवीएम-वीवीपैट व सामग्री वितरण, मतदान सुविधा केन्द्र पर कार्मिकों को वोट डालने की व्यवस्था, मतदान दलों के रूट चार्ट व कम्युनिकेशन प्लान सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवचरण मीना, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, प्रशिक्षु आई.एस.एस. दिव्यांश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वरलाल मेघवाल, सहायक रिटर्निंग अधिकारी प्रमोद सीरवी, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रमेश सिघारिया सहित निर्वाचन से जुडे अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

मतदाताओं को चावल बांटे

जालोर ,(कासं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान स्वीप गतिविधियों के तहत जिले में

बूथ अवेयरनेस ग्रुप व हेला टोली के सदस्यों द्वारा मतदाताओं को पीले चावल देकर 26 अप्रेल को शत-प्रतिशत मतदान करने का आमंत्रण दिया जा रहा हैं। जिलेभर में स्वीप गतिविधियों के तहत बीएलओ, बीएजी ग्रुप व हेला टोली के सदस्यों एवं स्थानीय कार्मिकों द्वारा मुख्य मार्गों, चौराहों, चौहटों व गलियों में जाकर घर-घर पीले चावल बांटकर 26 अप्रेल को मतदान दिवस पर मतदाताओं को आमंत्रित किया जा रहा हैं। राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों व विद्यालयों के ईएलसी व वीएएफ प्रभारी, 18 समस्त विद्यार्थी, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट, नर्सिंग प्रशिक्षणार्थी, आईटीआई प्रशिक्षणार्थी, शहरी व ग्रामीण नरेगा मजदूर, नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवक, नगर परिषद कार्मिक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, राजीविका सदस्य, पंचायत कार्मिक, वीडीओ, बीएलओ, सुपरवाईजर द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं को पीले चावल बांटे।

अधिकारियों ने दौरा कर चुनाव कार्यों का जायजा लिया

अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने काठाड़ी का दौरा किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन ने उच्च माध्यमिक विद्यालय गूंगा का निरीक्षण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

बाड़मेर,(नि.सं.)। जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन ने मंगलवार को संसदीय क्षेत्र बाड़मेर के शिव क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने एफएसटी, एसएसटी नाकों की जांच की और उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर अन्य चुनावी तैयारियों का जायजा लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शिव क्षेत्र के महत्त्व को देखते हुए यहां सुरक्षा के विशेष इंतजाम रहे। पुलिस प्रशासन के साथ अतिरिक्त समन्वय करें। गश्त बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि निर्भीक वातावरण बने, इसके लिए संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए। पुलिस अपने मुखबिर तंत्र को और सुदृढ़ बनाएं और कहीं भी शराब और नकदी वितरण जैसी सूचनाएं मिलने पर त्वरित कार्रवाई हो। उन्होंने अब तक चुनाव के संबंध में हुई तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधियों में भी तेजी लाने को कहा। उन्होंने आदर्श आचार संहिता पालना की भी जानकारी ली।

स्थानीय मतदाताओं से की बातचीत

जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्थानीय मतदाताओं से बातचीत कर चुनाव व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने स्थानीय मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का उपयोग करने का आहवान किया। आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत करने हेतु सी विजिल ऐप अथवा विधानसभा क्षेत्र हेतु जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर अथवा नियंत्रण कक्ष बाड़मेर में करने की अपील की।

नाकों पर जांच बढ़ाने के निर्देश

एफएसटी द्वारा लगाए गए विभिन्न नाकों की जांच करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी जैन ने कहा कि कोई भी संदिग्ध वाहन जांच से छूटना नहीं चाहिए। निष्पक्ष और पारदर्शी वातावरण के निर्माण के लिए नियोजित अधिकारी नियमित निरीक्षण कर रिपोर्टिंग करें।

इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक जोधपुर रेंज विकास कुमार ने भी शिव क्षेत्र में कानून व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहें। चुनाव व्यवस्था में लगाए गए सभी पुलिस तथा प्रशासन के कार्मिक व अधिकारी समन्वय एवं सतर्कता के साथ कार्य करें। भयमुक्त वातावरण निर्माण में पुलिस की प्राथमिक भूमिका है। स्थानीय प्रबुद्धजनों के साथ संवाद रखें। आमजन में स्पष्ट संदेश जाना चाहिए कि चुनाव को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने वाली कोई भी गतिविधि स्वीकार नहीं की जाएगी।

सवेंदनशील एवं अन्य मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निम्बला, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भियांड, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शिव, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गूंगा सहित क्षेत्र में विभिन्न संवेदनशील एवं अन्य मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होनें इनमें सुरक्षा व्यवस्था, पानी, बिजली, रेम्प, छाया सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक इंतजाम रहे। एआरओ इसकी जांच करवाते हुए उपयुक्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

गूंगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया दौरा

जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस दौरान गूंगा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पीएचसी में व्यवस्थाएं देखी एवं स्वास्थ्य कर्मियों को वहां आने वाले मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने हेतु निर्देशित किया। उन्होनें पीएचसी में स्थित कार्यालय कक्षों का दौरा कर उपस्थिति रजिस्टर देखा तथा नियुक्त सभी कर्मियों को नियमित रूप से आने हेतु दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पीएचसी में उपलब्ध चिकित्सा उपकरणों, निशुल्क दवाइयों एवं जांचों के बारे में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होनें पीएचसी के स्वास्थ्य एवं अन्य कार्मिकों को पीएचसी में व्यवस्थाएं सुचारू रखने एवं उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशित किया।

इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ पलानीचामी, उपखंड अधिकारी शिव भवानी सिंह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

काठाड़ी में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

बालोतरा,(नि.सं.)। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत मंगलवार को सिवाना विधानसभा क्षेत्र के काठाड़ी में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया।

अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने मतदान केन्द्र संख्या 114 राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय काठाडी दायां भाग, मतदान केन्द्र संख्या 115 राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय काठाडी बायां भाग एवं मतदान केन्द्र संख्या 116 राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय काठाडी मध्य भाग मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर लाईट, पंखा, विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में आवश्यक यूपीएस व्यवस्था, साईनेज, बूथ के बाहर सूचना बोर्ड एवं संकेत चिन्ह, व्हील चेयर की उपलब्धता, रैम्प, शौचालय, फर्नीचर एवं समस्त आधारभूत सुविधाओ को मौके पर जांची। इसके अतिरिक्त शीतल पेयजल, पर्याप्त छाया की सुविधा भी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों पर स्वास्थ्य कर्मी आवश्यक दवाईयों के साथ मौजूद रहे। उन्होने मतदाताओं को लोकतंत्र के महा उत्सव में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। साथ ही दिव्यांगजन एवं वृद्ध मतदाताओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।